आदेश

भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 09 जुलाई, 2023 को जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार दिनॉक 09 जुलाई, 2023 से 13 जुलाई 2023 तक जनपद नैनीताल में **कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा, कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर** की चेतावनी **(ऑरेंज/रेड एलर्ट)** जारी की गई हैं। साथ ही वर्तमान में जनपद के समस्त क्षेत्रों (पर्वतीय एवं मैदानी) में मध्यम से भारी वर्षा हो रही है जिसके फलस्वरूप नदियों/नालों/गधेरों में तेज जल प्रवाह आने की सम्भावना है एवं संवेदनशील स्थलों में भू–स्खलन/बोल्डर/पत्थर गिरने की भी सम्भावनाएं बढ़ गयी हैं। तत्क्रम में छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर **दिनांक 10 जुलाई, 2023 से 13 जुलाई, 2023 तक** जनपद के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) तथा समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं।

अतः मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी को देखते हुए **दिनांक 10 जुलाई, 2023 से 13 जुलाई, 2023 तक** जनपद नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालय (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाएं) तथा समस्त आंगनवाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे तथा प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, समस्त शैक्षणिक एवं मिनिस्ट्रियल/अन्य कार्मिक निर्धारित समयानुसार अपने–अपने विद्यालयों/ कार्यालयों में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

विचलन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

ह0–
(वन्दना)
जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
नैनीताल।

कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नैनीताल।

दूरभाष सं0: 05942-231178/231179/231181 ई–मेल: deocnainital@gmail.com

संख्या 838 /13–सी०आर०ए०(आ.प्र.प्राधि.)/2023–24 दिनांक 09 जुलाई, 2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
2. उप जिलाधिकारी, नैनीताल/धारी/कोश्याकुटौली/हल्द्वानी/कालाढूंगी/रामनगर।
3. मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल।
4. जिला शिक्षाधिकारी (माध्यमिक/बेसिक), नैनीताल।
5. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास, नैनीताल।
6. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल को दैनिक समाचार–पत्रों के माध्यम से निःशुल्क प्रसारार्थ प्रेषित।

अपर जिला मजिस्ट्रेट/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
नैनीताल।